Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to construct a Road Over Bridge at level crossing No. 385B in Rampur Parliamentary Constituency, Utter Pradesh.

डॉ. नैपाल सिंह (रामपुर): मैं सरकार को पुनः अवगत कराना चाहता हूँ कि उत्तर रेलवे के मुरादाबाद डिवीजन के अंतर्गत मिलक रेलवे स्टेशन मेरे संसदीय क्षेत्र रामपुर का एक महत्वपूर्ण स्टेशन है। इस स्टेशन के यार्ड में गेट सं. 385 बी होने के कारण प्रतिदिन मालगाड़ी यार्ड में आकर खड़ी हो जाती है और कभी-कभी तो 24 से 72 घंटे तक खड़ी रहती है, जिसके कारण बच्चों का स्कूल जाना, बीमारों को अस्पताल जाना तक बंद हो जाता है। कई बार विद्यार्थी व पैदल यात्री मालगाड़ी के नीचे से निकलते हैं जिससे उनकी जान को खतरा रहता है और हादसे के बवसर बढ़ जाते हैं जिससे जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता हैं यह मार्ग पटवायी शाहबाद बिलारी जाने आने का एकमात्र रास्ता है और यहाँ ट्रैफिक जाम बहुत होता है। तहसील मुख्यालय को जोड़ने के लिए भी लगभग 85 गाँव इस रास्ते को जोड़ते हैं और इस मार्ग पर कई दुर्घटनाएं भी हो चुकी है। कभी-कभी तो मृत लोगों को शमशान घाट ले जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है और यहाँ के दुकानदारों व व्यापारियों का फाटक बंद होने के कारण बहुत नुकसान होता है। इस वजह से व्यापार भी आधा रह गया है। रेलवे ब्रिज के निर्माण के लिए कई बार धरने प्रदर्शन भी हो चुके हैं। मेरा अनुरोध है कि जनभावनाओं व आक्रोश को देखते हुए यहां पर आर.ओ.बी. की आवश्यकता है। पुल का निर्माण कराने के लिए प्रभावी कार्यवाही करने का कट करें। मैं संबंधित मंत्रालय को कई बार पत्र भी लिख चुका हूँ परन्तु पुल के निर्माण की उपेक्षा होती रही है। सदन में भी इस प्र ाकरण को उठा चुका हूँ। मैं पुनः सरकार से शीघ्र पुल निर्माण के लिए अनुरोध करता हूँ।